## एक नजर में

### बाइक टकराने पर हुए विवाद में नाबालिग को चाकू मारा



**महिदपुर।** बाइक टकराने की बात पर हुए विवाद में एक नाबालिग को चाकू मार कर घायल कर दिया, जिसे उज्जैन रैफर किया। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात में दर्जी बाखल क्षेत्र में किराना दुकान से सामान लेकर दो दोस्त अरशान खान व जिशान खान घर जा रहे थे। सामने से बाइक से तीन लड़के आ रहे थे। इस दौरान बाइक जिशान से टकरा गई। इस पर जिशान ने ध्यान से चलाने की बात कही, जिस पर विवाद बढ़ गया। मारपीट के बाद बाइक लेकर जा रहे लड़के चाकू मार कर भाग गए। घायल जिशान को अस्पताल लाए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उज्जैन रैफर किया। पुलिस ने अरशान खान की रिपोर्ट पर तीन अज्ञात लड़कों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### सडक़ दुर्घटना में युवक की मौत



**महिदपुर।** सडक़ दुर्घटनाओं का ग्राम दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। इसी क्रम में महिदपुर रोड की ओर से एक वाहन दुर्घटना में युवक की मौत हो गयी और गंभीर घायल को जिला अस्पताल रैफर किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिदपुर रोड से महिदपुर कि ओर स्कॉर्पियो गाड़ी से आ रहे थे नंदरामदास बैरागी और विष्णु मालवीय के वाहन स्कार्पियो के सामने अचानक गाय आ जाने से वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें नंदरामदास बैरागी की मौत हो गयी और विष्णु मालवीय को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना बलाईखेडा के टर्न पर हुई जहां पर गाय वाहन के सामने आ गई थी।

### डॉ. दिल्लीवाल ने महाकाल की तस्वीर भेंट कर किया राष्ट्रीय महासचिव का सम्मान



**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी.एल. संतोष का स्वागत डॉ. हितेश दिल्लीवाल उपाध्यक्ष ऑल इंडिया डेंटल सर्जन एवं स्टूडेंट ऑर्गेनाईजेशन (मध्य प्रदेश) द्वारा भगवान महाकाल का पावन दुपट्टा ओढ़ाकर तथा भगवान महाकाल की दिव्य तस्वीर भेंट कर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ किया गया। डॉ. दिल्लीवाल ने बताया कि इस शिष्टाचार भेंट के अवसर पर संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ दंत चिकित्सकों एवं छात्रों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक एवं सार्थक संवाद भी हुआ।

### पौश दसमी पर हुई नृत्य प्रतियोगिता



**उज्जैन।** नवकार सेवा संस्थान द्वारा पौश दसमी के अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सरिता जैन रत्नबोहरा और सारीका मारू को प्रथम पुरस्कार, रीना दुग्गड और प्रमीला चौपड़ा को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। संचालन संस्था अध्यक्ष सीमा दुग्गड ने किया और आभार श्वेता चौपडा ने माना। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष श्वेता भण्डारी, आशा पालरेचा, अंजु मनोज सुराना, निर्मला काठेड़, रश्मि गादिया, मोनिका चेलावत, संगीता नाहर, नीता भटेवरा, नीता जैन, राजप्रभा जैन, शीला श्रीमाल, आभा गुप्ता, संगीता गादिया, सुमिना लिग्गा, नेहा लिग्गा, आशा सेठीया, परिधि दाता आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

### लय और लक्ष्य शर्मा राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप हेतु चयनित



**उज्जैन।** 26 से 28 दिसंबर को मंदसौर में होने जा रही 5वीं फुल कॉन्टैक्ट राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में उज्जैन के लय शर्मा और लक्ष्य शर्मा चयनित हुए हैं। कराटे कोच ज्वलंत शर्मा के सुपुत्र लय शर्मा और लक्ष्य शर्मा वर्तमान में सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल में अध्यनरत है। उनके चयन पर विद्यालय के मैनेजर फादर जैकब, प्रिंसिपल सिस्टर विनीता सहित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पिछडा मोर्चा अध्यक्ष गुर्जर ने दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष व मुख्यमंत्री से की भेंट



**नागदा।** मध्यप्रदेश सरकार की दो वर्ष पूर्ण होने पर शहर के भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर व दुपट्टा पहनाकर बधाई व शुभकामनाए भेंट की। पिछडा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लखन गुर्जर ने दिल्ली में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष नितिन नवीन से भेंट की। इस मौके पर गुर्जर ने नवीन का दुपट्टा पहना कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इसी दौरान गुर्जर ने दिल्ली में मुख्यमंत्री से भेंट की। इस मौके पर साथ में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवलाल बोराना, गोपाल गहलोत सहित पार्टी सदस्य मौजूद रहे।

# मां शिप्रा का पूजन कर सिंहस्थ तैयारियों को लेकर श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा की बैठक



**उज्जैन। बड़ा पुल स्थित श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा परिसर में सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक नासिक से उज्जैन पधारे पंचदशनाम जूना भैरव अखाड़ा एवं पंचदशनाम महाकाल अखाड़ा के महामंडलेश्वर राहुल नाथ महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुई।**

बैठक में देशभर से अखाड़े के पदाधिकारी एवं सेवा से जुड़े साधु-संत उपस्थित रहे। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व सभी संतों द्वारा माँ शिप्रा का विधिवत पूजन किया गया, तत्पश्चात सिंहस्थ से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। राजेश्वर नाथ महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में नासिक एवं उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ को लेकर व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए गए। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि श्रद्धालुओं के लिए दवाइयां, स्वास्थ्य सुविधाएं, शुद्ध पेयजल, पौष्टिक भोजन एवं अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

बैठक के दौरान महामंडलेश्वर राहुल नाथ महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि सिंहस्थ में लाखों श्रद्धालु देश-विदेश से पहुंचते हैं। ऐसे में सरकार के साथ-साथ संत समाज का भी यह दायित्व है कि वे श्रद्धालुओं की सेवा में योगदान दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप उज्जैन में 2028 सिंहस्थ की तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी गई हैं और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर में विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं, जिससे आने वाले सिंहस्थ का आयोजन भव्य एवं सुव्यवस्थित होगा। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के जिला अध्यक्ष एवं अध्यक्ष पद पर अनपढ़ अधिकारी की नियुक्ति की गई तथा उन्हें प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर साईंनाथ महाराज, भैरव गिरी महाराज, रवी गिरी महाराज, काटकर महाराज, नितेश गिरी महाराज, शिवाजी महाराज (उज्जैन), सहयोग गिरी महाराज, राजेश्वर नाथ महाराज (त्र्यंबकेश्वर), राजू महाराज (बुलढाणा), भरत गिरी महाराज (बुलढाणा), वेदांत गिरीजी महाराज, कामाख्यापुत्र हिमालय गिरी बाबा सहित अनेक साधु-संत उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण समाज का स्थापना दिवस आज





**उज्जैन।** आज 25 दिसंबर को अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज का 44वां स्थापना दिवस एवं भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय तथा अटल जी की जयंती समारोह अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज भव्य रूप से आयोजित करेगा। प्रातः 11 बजे सुमन वानिकी विक्रम विश्वविद्यालय अध्ययनशाला पर महामना पं. मदन मोहन मालवीय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर शुभारंभ होगा तथा सांयकाल गुमानदेव हनुमान पीपली नाका उज्जैन पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। उज्जैन में सांस्कृतिक पुरुष के रूप में विख्यात तथा उज्जैन धार्मिक आध्यात्मिक नगरी में अष्टविनायक मंदिर का निर्माण करने वाले पं. हेमंत व्यास को महामना पंडित मदन मोहन मालवीय सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही पंडित केदारनाथ शुक्ल को भी अटल अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। सांयकाल गुमान देव हनुमान महल पीपली नाका पर महामंडलेश्वर शैलेश आनंद गिरि महाराज, ज्ञान दास महाराज की पावन उपस्थिति में व अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज संरक्षक सुरेश मोढ, चंद्रशेखर वशिष्ठ, महाकालेश्वर मंदिर समिति सदस्य पंडित राजेंद्र गुरु शर्मा के आथित्य में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षा ,विधि, कला, प्रशासन, ज्योतिष, समाज सेवा,महिला सशक्तिकरण, पत्रकारिता ,चिकित्सा, वेद, तीर्थ ,खेल आदि क्षेत्र की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। समारोह को सफल बनाने की अपील अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी, तरुण उपाध्याय, राहुल व्यास, मनीष उपाध्याय, राजेश पुरोहित, शैलेंद्र व्यास, रमाकांत शर्मा ,वीरेंद्र त्रिवेदी आदि ने की है।

## सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने वाले की सहायता स्वयं परमात्मा करता है

**घट्टिया।** सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने वाले की सहायता स्वयं परमात्मा करता है व्यक्ति के जीवन में संघर्ष व परेशानियां आती है लेकिन भगवान ऐसे लोगों के साथ सदैव खड़ा रहता है जो न्याय व सत्य के पथ पर चलते हैं। उक्त उद्गार विधायक दिनेश जैन बोस ने जगोटी से छः किमी पश्चिम में स्थित प्राचीन श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित भागवत कथा के दौरान सेवा समिति द्वारा किए सम्मान समारोह में व्यक्त किए। भागवत कथा प्रवक्ता साध्वी सुगणा बाई ने कहा कि जीवन में अच्छे कार्यों का प्रतिफल श्रेष्ठता के साथ मिलता है हमें सदैव अपने को अच्छे कार्यों में संलग्न रहना चाहिए, अच्छे कर्म ही परमात्मा की सही पूजा अर्चना है। इस अवसर पर विधायक बोस ने श्रद्धालुओं की मांग पर मंदिर परिसर में सीमेंट कांक्रीट, नलकूप खनन व मंदिर के पहुंच मार्ग निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हाकमसिंह आंजना, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र मंडोरा, जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी सहित जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे।



## वेदज्ञ आचार्य पंडित राजेंद्र व्यास का प्रांतीय आर्य महासम्मेलन में हुआ सम्मान

▸ **वेद सम्मेलन में हुआ वेदज्ञ पंडित राजेंद्र व्यास का अभिनंदन**

**उज्जैन। 21 से 23 दिसंबर तक भोपाल में आयोजित प्रांतीय आर्य महासम्मेलन में आर्य समाज उज्जैन के वरिष्ठ आचार्य पंडित राजेंद्र व्यास का शाल श्रीफल और अभिनंदन पत्र के साथ सम्मान किया गया।**

मध्य भारत आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान प्रकाश आर्य, महामंत्री अतुल वर्मा के द्वारा भारतवर्ष के ख्याति प्राप्त आर्य विद्वान आचार्य वागीश, आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री, आचार्य वेदपाल दिल्ली, आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य और अनेका अनेक आर्य सन्यासियों की पावन उपस्थिति में पंडित राजेंद्र व्यास की सेवाओं को सराहा गया। उल्लेखनीय है कि पंडित राजेंद्र व्यास विगत 50 वर्षों से आर्य समाज वैदिक ज्ञान विज्ञान कावेरी शोध संस्थान प्रबुद्ध मित्र मंडल सांदीपनि वेद विद्या प्रतिष्ठान जैसे अनेक संस्थानों में अपने वैदिक व्याख्यान से जनमानस को लाभान्वित कर चुके हैं। हजारों आर्यजनों की उपस्थिति के साथ ही संभागीय प्रधान लक्ष्मी नारायण आर्य, डॉ दक्षदेव गौड़, आर्य समाज उज्जैन के प्रतिनिधि मंडल पूर्व प्रधान सुरेश पाटीदार, वेद प्रकाश आर्य एवं वर्तमान प्रधान ललित नागर भी श्री व्यास के सम्मान समारोह में उपस्थित रहे। व्यास के सम्मान पर नगर की अनेक संस्थाओ ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। अभिनंदन के अवसर पर वैदिक विद्वान राजेंद्र व्यास ने कहा की बेदी हमारे ग्रंथ है जो पूर्णतया वैज्ञानिक है जिसमें समस्त संसार और मानव कल्याण के सूत्र समाहित है।

# सावन, शोएब, सदा मिर्जा, निधि शर्मा को मिली सफलता



**उज्जैन। पॉवरलिफ्टिंग इंडिया के तत्वावधान में मध्य प्रदेश पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा श्री राम जिम ग्रुप के सहयोग से तीन दिवसीय वेस्टर्न इंडिया क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग सब जूनियर, जूनियर, सीनियर महिला/पुरुष चैंपियनशिप का भव्य आयोजन इंदौर में किया गया।**

उज्जैन जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह यादव और सचिव कमल नंदवाना द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि उक्त चैंपियनशिप में मयंक जोशी ने सीनियर वर्ग 120 किलो ग्राम वजन समूह में स्क्वाड 322.5, बेंच प्रेस 155, डेड लिफ्ट 312.5 कुल 790 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल और सर्वाधिक वजन लिफ्ट कर स्ट्रांग मैन 2025 का खिताब अपने नाम किया।

दूसरी ओर सावन लोट ने जूनियर वर्ग 105 वजन समूह में स्क्वाड 250 किलोग्राम, बेंच प्रेस 172.5 केजी, डेड लिफ्ट 252.5 कुल 675 केजी वजन लिफ्ट कर सिल्वर मेडल, मोहम्मद शोएब खान सब जूनियर वर्ग 120 वजन समूह में स्क्वाड 190 केजी, बेंच प्रेस 140 केजी, डेड लिफ्ट 190 केजी कुल वनज 520 केजी लिफ्ट कर, मोहम्मद साद मिर्जा सब जूनियर 120 वर्ग समूह में स्क्वाड 195 केजी, बेंच प्रेस 92.5 केजी, डेड लिफ्ट 200 केजी कुल 487.5 केजी वज़न लिफ्ट कर ब्राउंस मेडल पर अपना कब्जा जमाया।

वहीं महिला सीनियर वर्ग 69 किलो ग्राम में निधि शर्मा ने स्क्वाड 120 केजी, बेंच प्रेस 77.5 केजी, डेड लिफ्ट 135 केजी कुल 332.5 केजी वजन लिफ्ट कर सिल्वर मेडल पर अपना अधिकार जमाया। गिरीश नारायणी का प्रदर्शन शानदार रहा। सभी खिलाड़ियों ने उज्जैन एवं प्रदेश का नाम वेस्टर्न इंडिया में गोरवांवित किया। खिलाड़ियों की स्वर्णिम उपलब्धि के लिए संस्था प्रमुख नरेंद्र मालवीय, बलराम यादव, शोएब कुरैशी, अनिल चावंड, आनंद सोलंकी, अभिषेक सिंह राठौर, अरविंद शुक्ला, अजय जाधव, परवेज मोहम्मद, उमेश पवार, सज्जाद हुसैन, मनोज कपासिया, लखन पोरवाल, विकास जादौन, फईम उस्मानी आदि द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं बधाइयां दी गई।

## भारत रत्न अटलजी, महामना मालवीयजी जयंती पर 43वां संचेतना महोत्सव आज

**उज्जैन।** राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव में भारत रत्न अटलजी एवं महामना मालवीयजी का जयंती महोत्सव का आयोजन आज 25 दिसम्बर को होटल शुभश्री में किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के 43वें संचेतना महोत्सव में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं महामना मदन मोहन मालवीय जी के जयंती दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अतिथि वक्ता अपना उद्बोधन प्रदान करेंगे। संस्था के वरिष्ठ सात सदस्यों को विशिष्ट अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया जाएगा। तत्पश्चात देश के 55 साहित्यकार को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

यह जानकारी राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. हरीशकुमार सिंह ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना द्वारा अपने महापुरुषों के जन्म दिवस पर साहित्यिक आयोजनों के माध्यम से संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित करती है। समारोह के अतिथि के रूप में डॉ. अमिता दुबे लखनऊ, डॉ. जवाहर कर्नावट भोपाल, हरेराम बाजपेई इंदौर, डॉ. अशोककुमार भार्गव भोपाल, बृजकिशोर शर्मा उज्जैन, डॉ. अनसूया अग्रवाल छत्तीसगढ़, डॉ. मनीष दवे इंदौर, डॉ. नीलम रानी सक्सेना रामपुर उत्तर प्रदेश, डॉ. अनवर शेख पुणे, निर्मल कुमार मेहता मुंबई, पदमचंद गांधी भोपाल, डॉ शिवा लोहारिया जयपुर, डॉ रेनू सिरोया कुमुदिनी उदयपुर, माया मेहता मुंबई एवं नूतन कुमारी सिन्हा पटना, विक्रम सिंह चौधरी देवास आदि अतिथियों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न होगा।

समारोह के सफल संचालन के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रभु चौधरी, उपाध्यक्ष हरीशकुमार सिंह, सचिव रंजना पांचाल, सह सचिव सुंदरलाल मालवीय, कोषाध्यक्ष अंजना जैन आदि ने साहित्यकारों समारोह में उपस्थित होकर मार्गदर्शन का अनुरोध किया है। समारोह में संस्था का द्विमासिक संचेतना पत्र एवं सुप्रज्ञ कृति का विमोचन तथा अपने वरिष्ठ पदाधिकारी के जन्मदिवस पर आयोजन भी किया जाएगा।

## आज शौर्य दिवस पर विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की भव्य शौर्य यात्रा

**नागदा। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 25 दिसंबर (तुलसी दिवस / शौर्य दिवस) के अवसर पर नगर में एक भव्य शौर्य यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा दोपहर 3 बजे कम्युनिटी हॉल से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी।**

विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल ने बताया कि 25 दिसंबर को तुलसी दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो धर्म, राष्ट्र और समाज की रक्षा हेतु त्याग, साहस एवं बलिदान की परंपरा का प्रतीक है। इसी दिवस पर आयोजित शौर्य यात्रा का उद्देश्य हिंदू समाज में जागरण, संगठन और आत्मबल का संचार करना है। संस्था पदाधिकारियों के अनुसार बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा यह शौर्य यात्रा हिंदू समाज की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकजुटता को सशक्त करने के उद्देश्य से निकाली जाती है। यात्रा का रूट कम्युनिटी हॉल से आरंभ होकर नगर पालिका होते हुए पुराना बस स्टैंड जवाहर मार्ग दीनदयाल चौक कन्या शाला चौराहा महात्मा गांधी मार्ग आजाद चौक जन्मेजये मार्ग किलकी पूरा होते हुए सुभाष मार्ग चंद्रशेखर मार्ग होते हुए पुनः कम्युनिटी हाल पर विराम होगा। यह आयोजन युवाओं में राष्ट्रधर्म, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं शौर्य भावना को जागृत करने का माध्यम है।

विश्व हिंदू परिषदङ्कबजरंग दल ने सर्व हिंदू समाज, सामाजिक संगठनों, व्यापारी बंधुओं, युवाओं एवं मातृशक्ति से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस शौर्य यात्रा को सफल बनाएं और समाज की एकता का परिचय दें। यात्रा अनुशासन, गरिमा एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में संपन्न होगी।

संगठन ने बताया कि वर्तमान समय में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समाज के साथ हो रही निर्मम हत्याएं, अत्याचार एवं मानवाधिकारों का हनन अत्यंत चिंताजनक है। ऐसे हालात में यह शौर्य यात्रा पीड़ित हिंदू समाज के प्रति एकजुटता, संवेदना और विरोध का सशक्त संदेश भी प्रस्तुत करेगी। यह आयोजन हिंदू समाज की एक आवाज, एक संकल्प और एक शक्ति के रूप में नगर में शौर्य, स्वाभिमान और संगठन का प्रभावी संदेश होगा।

**एक नजर** ▸ **विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की पहल**

## समाज कार्य को समाज सेवा से अलग समझने का समय आ गया है

**उज्जैन। भारत में यह मान्यता चली आ रही है कि समाज सेवा ही समाज कार्य है। वैश्विक परिदृश्य में दोनों पहलू अलग-अलग हैं। समाजसेवा हर एक मनुष्य का कर्तव्य है और भारत में इसे धर्म की संज्ञा भी दी गई है, जबकि शेष विश्व यह मानता है कि समाज के वंचित वर्ग को ऊपर उठाने के लिए प्रशिक्षित समाजकार्य विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है। ऐसे विशेषज्ञ समाज तथा उद्योग जगत को उपलब्ध कराने की भूमिका सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय महती रूप से निभा रहा है।**

विश्वविद्यालय के अकादमिक सहयोग से सेवाधाम आश्रम द्वारा अंकित ग्राम में आयोजित दो दिवसीय द्वितीय इंटरनेशनल सोशल वर्कर कॉन्फ्रेंस में यह तथ्य देश-विदेश से आए विशेषज्ञों के व्याख्यान में निकलकर आए। कुलगुरु प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज ने कहा प्रोफेशनल सोशलवर्क अब केवल शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहा अपितु आध्यात्मिक, सामाजिक समरसता तक भी फैल गया है और समाज को ऐसे प्रशिक्षित विशेषज्ञ उपलब्ध करवाने का दायित्व सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय वर्षों से निभा रहा है।

समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति उपाध्याय ने विषय केंद्रित जानकारी देते हुए 1200 से अधिक प्रतिभागियों को आश्वस्त किया कि विषय चाहे सामाजिक कल्याण का हो अथवा सामाजिक सुरक्षा का, स्त्री कल्याण का हो या वंचित वर्ग के उत्थान का, धार्मिक और आध्यात्मिक उपायों से मनुष्य के उन्नयन का हो अथवा सामाजिक समरसता का; हर क्षेत्र में समाज कार्य विशेषज्ञों की आवश्यकता तेजी से बढ़ रही है और विभाग उनकी पूर्ति के लिए पांच से अधिक डिग्री तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित कर विश्वस्तरीय सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक ज्ञान उपलब्ध करवा रहा है।




> अंकित ग्राम के संस्थापक सुधीर भाई गोयल ने कहा विगत 36 वर्षों में हजारों नर नारायण यहां आए हैं और हमने जाना है कि मनुष्य जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जो सेवा की आवश्यकता से अछूता है। इसलिए कौशल से युक्त अर्थात स्किल्ड विशेषज्ञों की आवश्यकता तेजी से बढ़ रही है। अंकितग्राम अध्यक्ष डॉ. ऋषिमोहन भटनागर ने कहा बौद्धिक रूप से ग्रसित, समाज से बहिष्कृत, शारीरिक रूप से दिव्यांग, मानसिक रूप से कमजोर वर्ग को जीवन के सम्मानजनक अवसर देने में यह कॉन्फ्रेंस विशेषज्ञों, सरकार तथा उद्योग जगत के मध्य एक सेतु का कार्य करेगी।